**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**भारत सरकार**

**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग**

******

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) में अध्यक्ष पद हेतु आवेदन/नामांकन आमंत्रित करना**

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर), भारत सरकार के अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) में अध्यक्ष पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), डेयर से संबद्ध एक स्वतंत्र भर्ती एजेंसी है। यह कृषि अनुसंधान सेवा, अनुसंधान प्रबंधन पदों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट ऐसे अन्य पदों एवं सेवाओं की भर्ती के लिए उत्तरदायी है। यह मंडल, कैरियर प्रोन्नति योजना के अंतर्गत आईसीएआर वैज्ञानिकों के पदोन्नति मामलों का भी निस्तारण करता है। अध्यक्ष, मंडल के प्रभावी प्रबंधन हेतु नेतृत्व एवं प्रशासनिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

3. पात्रता शर्तें एवं अन्य विवरण www.dare.nic.in, www.icar.org.in तथा www.asrb.org.in पर देखा जा सकता हैं।

4. **आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक है।**

**<u>रिक्ति विज्ञापन</u>**

**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग**

*****

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) में अध्यक्ष पद हेतु आवेदन/नामांकन आमंत्रित करना**

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर), भारत सरकार के अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) में अध्यक्ष पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी),डेयर से संबद्ध एक स्वतंत्र भर्ती एजेंसी है। यह कृषि अनुसंधान सेवा, अनुसंधान प्रबंधन पदों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट अन्य पदों एवं सेवाओं की भर्ती के लिए उत्तरदायी है। यह मंडल, कैरियर प्रोन्नति योजना के अंतर्गत आईसीएआर वैज्ञानिकों के पदोन्नति मामलों का भी निस्तारण करता है। अध्यक्ष बोर्ड के प्रभावी प्रबंधन हेतु नेतृत्व एवं प्रशासनिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

**3. पद का विवरण निम्नानुसार है:**

**(i) वर्गीकरण:** समूह 'क' समकक्ष

**(ii) वेतनमान:** लेवल-17, मूल वेतन ₹2,25,000/- (नियत)। अध्यक्ष का पद भारत सरकार के सचिव के समकक्ष होगा तथा उन्हें समुचित अनुलाभ एवं सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

**(iii) अधिकतम आयु सीमा:** 62 वर्ष

**(iv) योग्यता:** अध्यक्ष का चयन ऐसे सेवानिवृत अथवा कार्यरत वैज्ञानिकों/प्रौद्योगिकीविदों/शिक्षाविदों में से किया जाएगा जिनके पास पीएच.डी. डिग्री हो तथा 25 वर्षों का अनुभव हो, अथवा ऐसे सेवानिवृत अथवा कार्यरत सिविल सेवकों में से किया जाएगा जिन्हें लोक प्रशासन, कृषि अथवा संबंधित क्षेत्रों में कम से कम 25 वर्षों का अनुभव हो।

**(v) कर्तव्य:**

क. अध्यक्ष, लोक कार्यों का प्रबंधन करेंगे तथा मंडल के प्रभावी प्रबंधन हेतु नेतृत्व एवं प्रशासनिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

ख. अध्यक्ष कृषि अनुसंधान सेवा के सभी पदों तथा इस सेवा में आईसीएआर के अध्यक्ष द्वारा निर्धारित ऐसे अन्य पदों पर भर्ती के लिए उत्तरदायी होंगे, जिसमें कैरियर प्रोन्नति योजना के अंतर्गत वैज्ञानिकों की पदोन्नति/स्थापन हेतु जांच भी शामिल है।

ग. यह अध्यक्ष, आईसीएआर सोसाइटी के अध्यक्ष द्वारा यथा अपेक्षित सभी कार्मिक मामलों में आईसीएआर की सहायता भी करेंगे।

**(vi) कार्यकाल:**

अध्यक्ष का कार्यकाल 03 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, रहेगा। **चयनित अध्यक्ष अपने पूर्व संगठन में किसी प्रकार का वैध अधिकार(लियन) नहीं बनाए रखेंगे।**

**(vii) एएसआरबी में नियुक्ति होने पर मूल सेवा से सेवानिवृत्ति:**

ऐसे अध्यक्ष जो नियुक्ति की तिथि पर केंद्र या राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/स्वायत्तशासी निकाय अथवा किसी अन्य पेंशन योग्य संगठन में कार्यरत होंगे, उन्हें एएसआरबी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की तिथि से उस सेवा से सेवानिवृत्त माना जाएगा।

यदि अध्यक्ष के रूप में नियुक्त कार्मिक किसी पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहा हो, तो उसके द्वारा आहरित पेंशन की सकल राशि उसके वेतन से घटा दी जाएगी।

**(viii) चयन प्रक्रिया:**

चयन, मंत्रालय/विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय जांच-सह-चयन समिति (एससीएससी) द्वारा, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा निर्देशों के अनुसार इस उद्देश्य के लिए किया जाएगा। नियुक्ति, मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति (एसीसी) की स्वीकृति से की जाएगी।

4. सीधे आवेदनों के अतिरिक्त, यूजीसी/भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष; भारत सरकार के सचिव; महानिदेशक, सीएसआईआर; सभी राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू)/केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों (सीएयू) के कुलपति; राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव भी उपयुक्त अभ्यर्थियों की अनुशंसा/नामांकन उनके जीवनवृत (सीवी) ब्यौरे सहित कर सकते हैं।

5. जांच-सह-चयन समिति इसके लिए स्वतंत्रता होगी कि वह श्रेष्ठता के आधार पर ऐसे अन्य व्यक्तियों की भी पहचान एवं अनुशंसा कर सके जिन्होंने इस पद हेतु आवेदन नहीं किया हो।

6. आवेदन/नामांकन प्रपत्र www.icar.org.in , www.asrb.org.in तथा www.dare.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

7. 4. **आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक है।**

8. आवेदन/नामांकन प्रपत्र निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निम्न पते पर पहुंच जाने चाहिए:-

**सचिव कार्यालय,**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) एवं महानिदेशक, आईसीएआर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कक्ष संख्या 108, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 ।**

**ई-मेल द्वारा प्राप्त** आवेदन/नामांकन **स्वीकार नहीं किए जाएंगे। लिफाफे पर** "कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) के अध्यक्ष पद हेतु आवेदन/नामांकन" **अंकित होना चाहिए।** डाक विलंब के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) के अध्यक्ष पद हेतु आवेदन/नामांकन प्रपत्र**

**(I) सामान्य जानकारी:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदक का पूरा नाम | |
| 2. | 2. पिता का नाम | |
| 3. | 3. लिंग | |
| 4. | 4. जन्म तिथि | |
| 5. | 5. आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार आयु (वर्ष/माह) | |
| 6.(क) | वर्तमान/*अंतिम धारित पद (वेतनमान सहित) | |
| (ख) | 1. सेवानिवृत्त/कार्यरत (आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार) | |
| 7.(क) | पत्राचार हेतु पता (पिन कोड सहित) | |
| (ख) | स्थायी पता | |
| (ग) | 1. संपर्क विवरण | मो. नं.:<br>ई-मेल आईडी: |

***यदि पहले से सेवानिवृत्त हैं तो अंतिम पद का उल्लेख करें।**

(II) शैक्षणिक योग्यता:

(III) दिए गए विवरण के अनुसार अनुभव का विवरण (वर्ष/माह में):

| क्रं. सं० | पद | अनुभव (वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद्/शिक्षाविद्/सिविल सेवक के तौर पर) | संगठन/विश्वविद्यालय | अवधि | | अनुभव (वर्ष एवं माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से (तिथि) | तक (तिथि) | |
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| कुल अनुभव वर्ष एवं माह में अतिव्यापन (ओवरलैपिंग के बिना) | | | | | | |

(IV) विशिष्ट प्राप्तियां एवं उपलब्धियाँ:

(V) पुरस्कार एवं सम्मान:

(VI) प्रकाशन/उत्पाद/प्रौद्योगिकियाँ/पेटेंट:

(VII) पद हेतु आवेदक की उपयुक्तता का औचित्य:

(VIII) अन्य कोई जानकारी:

मैं, यह घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दी गई सभी जानकारी एवं विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही हैं। मैं यह भी घोषणा करता हूं और समझता/समझती हूँ

कि यदि किसी भी स्तर पर दी गई कोई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है, तो मेरा आवेदन/उम्मीदवारी सरसरी तौर निरस्त की जा सकती है तथा यदि मेरी नियुक्ति हो चुकी है, तो कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) के अध्यक्ष पद से मेरी सेवाएँ बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती हैं तथा नियमानुसार परिणामी कार्रवाई की जाएगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक:
स्थान:

**नामांकक का विवरण:**
नामांकक का नाम:
हस्ताक्षर:
दिनांक:
मुहर: